<u>राज्य सभा</u>

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या 2798</u>

<u>17 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए</u>

देश में एकीकृत इस्पात संयंत्र

2798. श्री सी. एम. रमेश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में एकीकृत इस्पात संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन एकीकृत इस्पात संयंत्रों में मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) की दर से कच्चे इस्पात के उत्पादन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन एकीकृत इस्पात संयंत्रों में बारहवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति तक कच्चे इस्पात के उत्पादन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात और खान राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क) और (ख) : सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए एक नए वर्गीकरण के अनुसार इस्पात संयंत्रों का पुन:वर्गीकरण वर्तमान में किया जा रहा है। वर्तमान में सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए बड़े इस्पात संयंत्रों का वर्गीकरण "प्रमुख" और "बड़े" उत्पादक के रूप में किया गया है, तथा प्रमुख और बड़े उत्पादकों के संबंध में ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इसलिए नई क्षमता निर्माण के लिए निवेश संबंधी निर्णय व्यक्तिगत निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं। सरकार की भूमिका एक सुविधादाता के रूप में होती है। तथापि, 12वीं पंचवर्षीय योजना हेतु इस्पात संबंधी कार्यकारी समूह की रिपोर्ट के अनुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक देश में क्रूड इस्पात का कुल उत्पादन 149 मिलियन टन प्रक्षेपित किया गया है।

*****

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2798 दिनांक 17.12.2014)

अनुलग्नक

उत्पादक	क्रूड इस्पात 2013-14 (मिलियन टन में)	
	क्षमता	उत्पादन
सेल संयंत्र		
बीएसपी	3.925	5.14
डीएसपी	1.802	2.02
आरएसपी	1.900	2.29
बीएसएल	4.360	3.78
आईएसपी	0.500	0.13
एएसपी	0.234	0.12
एसएसपी	0.180	0.09
वीआईएसएल	0.118	0.01
कुल सेल	13.02	13.58
आरआईएनएल/वीएसपी	2.91	3.2
टाटा स्टील	9.60	9.16
प्रमुख उत्पादक	**25.53**	25.94
जेएसडब्ल्यू स्टील	14.60	12.23
एस्सार स्टील	8.54	3.24
जिंदल स्टील एंड पावर	2.40	2.84
मुख्य	**25.54**	18.31
अन्य	**49.95**	37.45
कुल	**101.02**	81.70
स्रोत: जेपीसी		